राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1706/2023 दिनांकः—03 जून, 2023

कार्यालय आदेश

मा0 कुलपति जी द्वारा व्यापक छात्रहित के दृष्टिगत सत्र 2022—24 बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर में दो से अधिक प्रश्न—पत्रों में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र—छात्राओं को द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है।

उक्त के क्रम में सत्र 2022—24 बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित समस्त छात्र—छात्राओं को बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अनुमति प्रदान की जाती है। उक्त परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 05 जून, 2023 निर्धारित की गई है, दिनांक 06 एवं 07 जून, 2023 को रू0 100/— तथा 08 एवं 09 जून, 2023 को रू0 500/— विलम्ब शुल्क के साथ भरे जायेगे। भरे गये फॉर्मो का सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क एम0आई0एस0 जनरेट करके महाविद्यालय की लॉगिन आईडी पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन मोड में दिनांक 12 जून, 2023 की सांय 05:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं होगा, उन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा। ऑनलाइन के अतिरिक्त जमा किया गया परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा।

03/6/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. प्राचार्य/प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
04. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
05. गार्ड फाइल।

3/06/23

सहायक कुलसचिव